महत्वपूर्ण एवं खास

## दो पहिया वाहनों की खुली नीलामी 26 जुलाई को

रायगढ़। रायगढ़ के थाना चक्रधर नगर में 15, कोतरा रोड थाना में 13, सिटी कोतवाली में 33 तथा जूटमिल चौकी रायगढ़ में 43 दो पहिया वाहनों को लावारिश घोषित किया जाकर राजसात किया गया है। उक्त वाहनों की खुली नीलामी नियम एवं शर्तो के तहत 26 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ परिसर में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त नीलामी में थाना प्रभारियों से संपर्क कर भाग ले सकते है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ के अलग-अलग थानों में दो पहिया वाहन एवं बिना नंबर के वाहन अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत लावारिस स्थिति में मिलने पर थाना परिसरों में रखा गया है, जिसके संबंध में गत दिवस सूचना के माध्यम से जनसामान्य को अवगत कराया गया था। किन्तु निर्धारित तिथि तक कोई भी वाहन स्वामी उपस्थित नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम की धारा में दिए गए शक्ति का उपयोग करते हुए उक्त सभी थाना में रखे गए वाहनों के कोई भी मालिक नहीं होना पाया जाना मानकर वाहनों को लावारिश घोषित करते हुए राजसात किया गया है।

## सीएसआर मद से सामुदायिक शिक्षकों की चयनित सूची उद्योगों में उपलब्ध

रायगढ़। रायगढ़ जिला अंतर्गत शिक्षा सत्र 2018-19 हेतु सीएसआर मद से सामुदायिक शिक्षकों को अध्यापन कार्य किए जाने हेतु चयनित सूची संबंधित उद्योगों को उपलब्ध करा दी गई है। संबंधित उद्योगों द्वारा 31 जुलाई 2018 तक संस्था में अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी अपने अध्यापन कार्य संबंधी सूचना की प्रति संबंधित उद्योगों से प्राप्त कर सकते है। अभ्यर्थियों की चयन सूची संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यालय में चस्पा किया गया है।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का मतगणना परिणाम एवं निर्वाचन की घोषणा

रायगढ़। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ रायगढ़ द्वारा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए गत दिवस मतदान कराया गया। मतदान के पश्चात निर्वाचन की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष पद में रायगढ़ के विकास कुमार तिवारी को निर्विरोध रूप से चुना गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए खरसिया के अवधराम पटेल, पुसौर के कुंजराम पटेल, रायगढ़ के राजेन्द्र दिवान, लैलूंगा के सुनील गुप्ता, रायगढ़ की श्रीमती अनुषा कातोरे एवं सारंगढ़ की श्री मंजूलता पटेल को निर्विरोध रूप से चुना गया।

## कलेक्टर से शेख ताजिम ने अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को रोजगार के लिए लोन दिलाने का आग्रह किया

रायगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शेख ताजीम ने कलेक्टर शम्मी आबिदी से उनके चेम्बर में मुलाकात कर अल्पसंख्यक वर्ग के लोगो के द्वारा अन्तव्यसाय विभाग में लोन के लिए आवेदन किये थे लेकिन



विभाग के ऑफिस में कई बार चक्कर लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नही हुई तब अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राही ने ताजीम से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई जिसे ताजीम ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए कलेक्टर से आग्रह कर बताया कि विगत आठ माह पूर्व 50 हजार से 1 लाख तक लोन के लिए हितग्राही आवेदन के साथ सारी प्रक्रिया पूरी कर के अन्तव्यसाय ऑफिस में जमा कर चुके है लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी लोन की स्वीकृति नही हुई ताजीम ने जरूरत मंद बेरोजगार युवक युवतियां की परेशानी को देखते हुवे कलेक्टर से आग्रह कर कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के लोगो का आठ माह से लोन पेंडिंग पड़े है हितग्राहियों की परेशानियों को देखते हुवे लोन जल्दी स्वीकृति किया जाए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राही को मिल सके।

## मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत 28 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 28 जुलाई 2018 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिको को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण एवं उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए है। इसके लिए आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है।

# भारतीय टेस्ट टीम में चुने जाना सपना सच होने जैसा : पंत

मुंबई (आरएनएस)। इंग्लैंड के खिलाफ एक अगस्त से खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि क्रिकेट के लंबे प्रारूप में चुने जाना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। 20 साल के पंत को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। भारत के लिए अब तक चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके पंत इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट में पदार्पण करेंगे।




पंत ने कहा, भारतीय टेस्ट में चुने जाने की खबर सुनना, मेरे लिए एक अच्छा अहसास है। मैं हमेशा से टेस्ट टीम का हिस्सा बनना चाहता था और यह मेरे लिए सपने सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, यह एक शानदार अहसास है न सिर्फ मेरे परिवार के लिए बल्कि मेरे कोच तारेक सर के लिए भी, जिन्होंने मुझे इस खेल को समझने में काफी मदद की।

उनका सपना था कि मैं टेस्ट टीम में खेलूं। जब मेरे शुरूआती कोच सिन्हा सर को मेरे चयन की जानकारी मिली तो वह बहुत खुश थे और यह मेरे लिए गर्व का पल था। पंत ने टीम इंडिया के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के अनुभव के बारे में कहा कि टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत सकारात्मक रहता है।

युवा विकेटकीपर ने कहा, बतौर विकेटकीप बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट मेरे आदर्श हैं। जब मैं टीम इंडिया के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करता हूं तो वहां महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों का काफी सहयोग मिलता है।

माही भाई से मैं अक्सर ही विकेटकीपिंग के टिप्स लेता रहता हूं।

## नाबालिग खिलाड़ी का आरोप, 2 साल से कोच कर रहा रेप

चंडीगढ़ (आरएनएस)। रेवाड़ी जिले की एक नाबालिग नैशनल लेवल की वॉलीबॉल खिलाड़ी ने अपने कोच पर पिछले 2 साल से



यौन शोषण करने का आरोप लगाया। आरोपी कोच इस वक्त हरियाणा स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। सूत्रों का कहना है कि बच्ची जिले की जूनियर और सब जूनियर लेवल की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

पुलिस ने केस फाइल कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का सपना अभी भी सीनियर टीम में खेलने का है। जतुसाना पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। बच्ची ने मैजिस्ट्रेट के सामने दिए बयान में भी कोच पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही 2 साल से चल रहे इस शोषण में एक महिला स्पोर्ट्स अधिकारी का भी नाम लिया है।

रेवाड़ी की महिला पुलिस स्टेशन इंचार्ज हीरामणि ने कहा कि मैजिस्ट्रेट के सामने बच्ची का बयान रेकॉर्ड किया गया और वह अपने बयान पर कायम है। हीरामणि ने बताया, बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया और स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया है। अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन हम जांच कर रहे हैं। पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 2016 में पहली बार कोच और महिला अधिकारी के साथ एक राज्य स्तर के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए गुड़गांव गई थी। वहां एक होटल रूम में कोच ने उसका रेप किया। इसके बाद कई आउटडोर टूर्नामेंट के दौरान चंडीगढ़, रोहतक जैसे शहरों में उसके साथ यौन शोषण हुआ।

## बेंगलुरू एफसी में 2021 तक रहेंगे छेत्री

बेंगलुरू (आरएनएस)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब बेंगलुरू एफसी ने अपने कप्तान सुनील छेत्री के करार को 2021 तक बढ़ा दिया है। क्लब ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। छेत्री इस क्लब में काफी समय से खेल रहे हैं। उन्होंने करार के विस्तार पर खुशी जताते हुए कहा, मैंने हमेशा से कहा है कि यह क्लब और इसके समर्थकों के साथ मेरा अनुभव बेहद शानदार रहा है। इस क्लब के साथ नया करार करना मेरे



लिए खुशी की बात है। मैंने यहां कुछ अच्छे पल बिताए हैं। मेरा मानना है कि कई और पल आने बाकी हैं।

छेत्री लगातार पांच साल से क्लब के शीर्ष स्कोरर का अवार्ड अपने नाम करते आ रहे हैं। उन्होंने क्लब के लिए अभी तक 144 मैच खेले हैं और 71 गोल किए हैं। क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पार्थ जिंदल ने कहा, छेत्री को बनाए रखना हमारे लिए विशेष बात है। वह अभी तक क्लब के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने अपने आप को साबित भी किया है। बेंगलुरू एफसी इस समय बेलारी में प्री-सीजन अभ्यास में हिस्सा ले रही है। इसके बाद वो स्पेन में शिविर के लिए रवाना होगी।

### डीडीसीए ने क्रिकेट समिति का गठन किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने बुधवार को तीन सदस्यीय क्रिकेट समिति के गठन की घोषणा की। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल सांघवी और आकाश चोपड़ा को इस समिति में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी गौतम गंभीर को भी इस समिति में विशेष आमंत्रण के तहत शामिल किया गया है।

## रोजर्स कप में वाइल्ड कार्ड एंट्री करेंगी सेरेना

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स अगले माह रोजर्स कप टूर्नामेंट से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। मिली जानकारी के अनुसार, सेरेना को इस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। इस माह साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन में सेरेना अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब को हासिल करने से केवल एक कदम दूर रह गई। उन्हें फाइनल में हार का



सामना करना पड़ा था। रोजर्स कप टूर्नामेंट निदेशक युजीन लापयिरे ने कहा, हम निश्चित तौर पर इस टूर्नामेंट में सेरेना की भागीदारी की घोषणा कर काफी खुश हैं। कुछ सप्ताह पहले हमने अपने खिलाड़ियों की सूची घोषित की थी।

# आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में एंडरसन बने नंबर-1

दुबई (आरएनएस)। इंग्लैंड के लिए खेल के लंबे प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन मंगलवार को ताजा जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में नौ विकेट लेने वाले एंडरसन ने दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा को पछाड़ा है।

तीसरे स्थान पर भारत के बाएं हाथ के स्पिन



गेंदबाज रवींद्र जडेजा हैं। वहीं चौथे स्थान पर वार्नोन फिलेंडर हैं और पांचवें स्थान पर भारत के रविचंद्रन अश्विन मौजूद हैं। श्रीलंका में बेहद खराब सीरीज जाने के बाद भी दक्षिण अफ्रीका को थोड़ी खुशी मिली है। दूसरे मैच की पहली पारी में नौ विकेट लेने वाले उसके स्पिनर केशव महाराज पांच स्थान की छलांग के साथ 18वें स्थान पर आ गए हैं।

श्रीलंका के रंगना हेराथ ने न्यूजीलैंड के नील वेग्नर को हटा कर आठवां स्थान हासिल किया है। बल्लेबाजों में श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने को तीन स्थान का फायदा मिला है और वह अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग सात पर आ गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई सीरीज में 356 रन बनाए थे। प्रतिबंध झेल रहे आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ अभी भी पहले स्थान पर कायम हैं। दूसरे स्थान पर भारत के कप्तान विराट कोहली हैं।

अजिंक्य रहाणे एक स्थान चढ़कर 19वें पर आ गए हैं और लोकेश राहुल 18वें पर ही बने हुए हैं।

## रायगढ़ जिला कांग्रेस अजा विभाग ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

### जिलाध्यक्ष घनश्याम मनहर ने किया कार्यकारणी की घोषणा

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अनु. जाति, धनेश पाटिला के निर्देशन एवं अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी अजा विभाग ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम मनहर ने 6 उपाध्यक्ष 7 महामंत्री 1 कोषाध्यक्ष व 13 सचिव सहित कुल 27 लोगों की कार्यकारिणी की सूची गुरूवार को घोषित किया। इस सूची मे उन्होंने जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजीव



चौहान, ग्रा.- कोर्री सरिया ,सिया बाई जांगड़े ग्रा पो.- कापू धरमजगढ़, भीमसेन सागर, (शिकारी) बापू नगर रायगढ़, चन्द्रशेखर रात्रे, ग्रा.पो.- गोड़म सारंगढ़, चन्द्रशेखर बघेल, बार्ड क्र. 13 खरसिया, चमरा चौहान, ग्रा.- बेंगची बरमकेला को सौपी है जबकि जिला महामंत्री पद पर इंजी. अशोक वर्मा, ग्रा.- सिंघनपुर पो.-पासीद सारंगढ़ , कु. रघुराई सारथी, ग्रा. - चरखापारा पो.- बाकारुमा धरमजयगढ़, राकेश जाटवर, ग्रा.- भोजपुर सारंगढ़, खेमानंद सारथी, ग्रा.- खोखेपुर पो. गोबरसिंघा बरमकेला, कु. अंजू जांगड़े, ग्रा. पो.- कापू धरमजयगढ़, सीताराम चौहान, ग्रा.- कसडोल तमनार, परमानंद डेंजरे ग्रा.- गुड़ेली सारंगढ़ को बनाया गया है वही राजेश लोचन भारद्वाज, ग्रा.- पचपेड़ी सारंग? को कोषाध्यक्ष की जवाबदारी सौपी गई है। जबकि जिला सचिव पद पर लोचन चौहान, ग्रा.- भकुर्रा सारंगढ़, सुकलाल सागर, ग्रा.- डोंगरीपाली बरमकेला, मसतराम निराला, ग्रा.पो.- जेवरा सारंगढ़, देवचरण चौहान, ग्रा. - बेंगची बरमकेला, माधव चौहान, ग्रा. - सकरतुंगा बरमकेला, महंगू चौहान, ग्रा.- घौठला छोटे सारंगढ़, चैतराम कुर्रे , ग्रा.- मल्दा अ सारंगढ़, टीकाराम चौहान, ग्रा.- अमुर्रा बरमकेला, सम्राट नंद, बिलाईगढ़ स बरमकेला, कुलदीप सिंह खुंटे, ग्रा. - भांठगांव सारंगढ़, नीलाम्बर जांगड़े, ग्रा.- भीखमपुरा सारंगढ़, दानी सिंह जाटवर, ग्रा.- भंवरादादर सारंगढ़, शिवप्रसाद चौहान, ग्रा.- गौरबाहरी तमनार, को सौपी गई है। जिलाध्यक्ष घनश्याम मनहर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को अपने कर्तव्य पर सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया है।

## कलेक्टर शम्मी आबिदी के पहल की गूंज दूसरे राज्यों में भी

### आंध्रप्रदेश से आयी टीम ने जापानी पद्धति से विकसित हो रहे वन की सराहना की

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के मार्गदर्शन में जिला खनिज न्यास निधि से तरूमित्र अभियान के तहत ग्राम पण्डरीपानी में 2 एकड़ एवं ग्राम जुर्डा में 5 एकड़ जमीन पर एक लाख से अधिक पौधे लगाकर जंगल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आज आंध्रप्रदेश से आयी 6 सदस्यीय टीम ने जापानी पद्धति से विकसित हो रहे इस वन का अवलोकन किया एवं सराहना की।



आंध्रप्रदेश से आए एडिशनल कमिश्नर एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम जी. बाल सुब्रमण्यम ने बातचीत के दौरान कहा कि सघन विविध पौधरोपण एक मोहक एवं अनोखी पहल है। जिसे एक बेहतर मॉडल' के रूप में विकसित किया जा रहा है। सघन वनों के रूप में विकसित यह वन आने वाले वर्षों में बेहद खूबसूरत दिखाई देगा। हम भी इस तरह की योजना को आंध्रप्रदेश में मूर्तरूप देना चाहते है। इसलिए इस योजना की जानकारी लेने छत्तीसगढ़ आना हुआ और यह हमारा छत्तीसगढ़ में पहला प्रवास है। उन्होंने यहां के जलवायु की भी प्रशंसा की। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि यहां मनरेगा के तहत भी पौधे लगाए गए है। यहां लगे पौधे खास विभिन्नता लिए हुए है जिससे बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा। जिले में औद्योगीकरण तेजी से बढ़ रहा है ऐसे में प्रदूषण को दूर करने का यह बेहतर उपाय है। यह एक अच्छी उपलब्धि है जिसके बेहतर परिणाम दिखाई देंगे। विशेषज्ञ श्री आर.के.नायक ने जापानी पद्धति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।